**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 23 जून, 2025 :-**

**(1) माननीय राज्यपाल ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं नाशपाती बागान का भ्रमण किया।**

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज नेतरहाट प्रवास के दौरान नेतरहाट आवासीय विद्यालय का भ्रमण किया तथा वहाँ की विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं सहित विभिन्न शैक्षणिक विभागों का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों को उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली।

राज्यपाल महोदय को विद्यालय के प्राचार्य द्वारा विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियाँ, अनुशासन, शिक्षण पद्धति तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु किए जा रहे नवाचारों से अवगत कराया गया।

राज्यपाल महोदय ने विद्यालय की सुदृढ़ शैक्षणिक परंपरा, अनुशासित वातावरण तथा प्राकृतिक सौंदर्य से युक्त परिसर की

सराहना की। उन्होंने कहा कि नेतरहाट विद्यालय न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश की शैक्षणिक गरिमा का प्रतीक है। यहाँ से शिक्षा प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों ने देश-विदेश में विद्यालय व राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अपनी गौरवशाली परंपरा को निरंतर बनाए रखेगा।

इसके उपरांत, माननीय राज्यपाल

ने नेतरहाट स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सा सुविधाओं, उपलब्ध दवाओं तथा स्थानीय निवासियों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली।

राज्यपाल महोदय ने नेतरहाट क्षेत्र में लगभग 100 एकड़ में फैले नाशपाती बागान का भी भ्रमण किया। उन्हें जानकारी दी गई कि यहाँ 'नट' किस्म के नाशपाती भी हैं, जो अपने स्वाद एवं गुणवत्ता के लिए जानी जाती हैं।